जागरण YAHOO! INDIA दैनिक जागरण e PAPER

स्कूलों में आज मनेगा तंबाकू निषेध दिवस पटना, जागरण ब्यूरो : शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों में गुरुवार को तंबाकू निषेध दिवस मनाए जाने का निर्देश दिया है। बच्चों में तंबाकू सेवन के बढ़ते रूझान को देख यह हिदायत बुधवार को जारी की गई। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक कमल किशोर सिंहा ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को जारी आदेश में कहा है कि ग्लोबल एडल्ट टोबैको रिपोर्ट के अनुसार 13 प्रतिशत स्कूली बच्चे किसी न किसी प्रकार के तंबाकू से बने उत्पाद का सेवन कर विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विश्र्व में 31 मई तंबाकू निषेध दिवस पर मनाया जाता है। सभी स्कूलों में भी तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाए। इस क्रम में प्रभात फेरी, रैली, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है।

निजता नीति | सेवा की शर्तें | आपके सुझाव
इस पृष्ठ की सामग्री जागरण प्रकाशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है
कॉपीराइट © 2007 याहू वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सर्वाधिकार सुरक्षित
कॉपीराइट / IP नीति